# जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती को शुद्ध पेयजल से अच्छादन हेतु दिनांक 14.05.2025 को 4.00 बजे अपरान्ह को आयोजित बैठक की कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 14.05.2025 को आयोजित **"जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति"** की बैठक में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती में जल जीवन मिशन फेज–2 के अन्तर्गत मेसर्स L&T एवं फेज–5 के अन्तर्गत मेसर्स GA INFRA (JV) – VISHWANATH PROJECT LIMITED. द्वारा कराये जा रहे कार्यो के प्रगति हेतु आयोजित बैठक की कार्यवृत्तः–

## 1. जल जीवन मिशन फेज–2 (L&T.)

**1. सामग्री एवं श्रमिकों की उपलब्धता :–** सम्बन्धित फर्म द्वारा वर्तमान तक 124 परियोजनाओं के सापेक्ष में 123 परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है उक्त कार्यो के सम्पादन हेतु फर्म अवगत कराया गया कि उनके पास 220 श्रमिक उपलब्ध है, परन्तु फर्म श्रमिको का विवरण उपलब्ध कराने में असमर्थ रही, निर्देशित किया गया कि योजनाओं में कार्यरत श्रमिको की सूची 02 दिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**2. नलकूप छिद्रण कार्य :–** 124 परियोजनाओं में लक्षित 120 नलकूप छिद्रण के सापेक्ष वर्तमान तक 119 परियोजनाओं के नलकूप छिद्रण का कार्य पूर्ण है एवं 119 नग नलकूप डेवलप किया गया है। निर्देशित किया गया कि समस्त नलकूपों का विकास कार्य पूर्ण है उन सभी को संचालित किया जाए।

**3. वितरण प्रणाली :–** 124 परियोजनाओं में लक्षित 1919.00 कि.मी पाइप के सापेक्ष में वर्तमान तक 1895.00 कि.मी. तक वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण किया गया है तथा ज्वाइन्टिंग का कार्य प्रगति पर है, निर्देश दिये गये कि श्रमिको की संख्या बढ़ाते हुए ज्वान्टिंग का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया जाए।

**4. एफ.एच.टी.सी. प्रगति :–** 124 परियोजाओं में लक्षित 78878 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 77443 नग गृह जल संयोजन प्रदान किये गये है। निर्देशित किया गया शत प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. को Functional किया जाए, एवं सी.एम. डैशबोर्ड पर रैंकिंग इस माह 98 प्रतिशत तक किया जाए एवं एफ.एच.टी.सी. न लेने वाले परिवारो की सूची उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित फर्म को डी.पी.एम.यू. से समन्वय स्थापित करते हुए 02 दिन में उपलब्ध करायें।

**5. उच्च जलाशय :–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 119 परियोजनाओं के सापेक्ष 88 परियोजनाओं के उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण शेष पर उच्च जलाशय का कार्य प्रगति पर है। निर्देश दिये जाते है कि टैंक Erection की टीम बढ़ाते हुए समस्त परियोजनाओं के उच्च जलाशय का कार्य माह मई, 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें, तथा समस्त उच्च जलाशय के कार्य पूर्ण कर प्रतिदिन जलापूर्ति की जाए।

**6. पम्प हाउस–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 120 नग परियोजनाओं पर पम्प हाउस के सापेक्ष 118 पम्प हाउस का कार्य पूर्ण है शेष 02 नग पम्प हाउस का कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण है, निर्देश दिये जाते है कि शेष पम्प हाउस का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**7. सोलर–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 107 नग सोलर के सापेक्ष 102 नग सोलर प्लान्ट का अधिष्ठापन किया जा चुका है। निर्देशित किया गया कि जिन परियोजनाओं पर सोलर का कार्य पूर्ण वहॉ प्रतिदिन सोलर के माध्यम से जलापूर्ति की जाए।

**8. योजनाओं का संचालन–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 124 परियोजनाओं के सापेक्ष 03 परियोजनायें डी.जी.सेट के माध्यम से एवं 103 परियोजनाओं को सोलर के माध्यम से संचालित करायी गयी है। निर्देशित किया गया कि माह मई, 2025 तक समस्त परियोजनाओं पर नलकूप, पाइप लाइन, ग्रह संयोजन एवं सोलर का कार्य पूर्ण कराते हुए संचालित कराना सुनिश्चित करें तथा माह जून, 2025 तक समस्त परियोजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण करते हुए परियोजनाओं को सचालित कर **Har Ghar Jal Certify** कराना सुनिश्चित करें।

## 2. जल जीवन मिशन फेज–5 (GA INFRA (JV) – VISHWANATH PROJECT LIMITED.)

**1. सामग्री एवं श्रमिकों की उपलब्धता :–** सम्बन्धित फर्म अवगत कराया गया कि उनके पास वर्तमान में 02 नग रिग मशीन, 03 नग कम्प्रेशर, 800 श्रमिक एवं 03 नग ओ.पी.यूनिट उपलब्ध है, फर्म को निर्देशित किया गया कि परियोजना के कम्पोनेन्टवार श्रमिको को लगाकर कार्यो की प्रगति बढ़ायी जाए। योजनाओं पर कार्यरत मजदूरों का सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये परन्तु फर्म श्रमिको का विवरण उपलब्ध कराने में असफल रही। निर्देशित किया गया कि योजनाओं में कार्यरत श्रमिको की सूची 02 दिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**2. कार्य प्रारम्भ की स्थिति :–** फर्म द्वारा 165 परियोजनाओं के सापेक्ष 164 परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है, निर्देशित किया गया कि शेष 01 नग परियोजना पर कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

**3. नलकूप छिद्रण कार्य :–** 165 परियोजनाओं में लक्षित 181 नलकूप छिद्रण के सापेक्ष वर्तमान तक 176 परियोजनाओं के नलकूप छिद्रण का कार्य पूर्ण है एवं वर्तमान तक 160 नग नलकूप डेवलप का कार्य किया गया है। निर्देशित किया गया कि नलकूप के विकास कार्यो में तेजी लाई जाए तथा अवशेष बचे नलकूपों को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

**4. वितरण प्रणाली :–** 165 परियोजनाओं में लक्षित 2567.00 कि.मी पाइप के सापेक्ष में वर्तमान तक 1995.00 कि.मी. तक वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण किया गया है तथा अवशेष वितरण प्रणाली का कार्य प्रगति है, निर्देश दिये गये कि अवशेष बची पाइप लाइन का कार्य माह मई, 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**5. एफ.एच.टी.सी. प्रगति :–** 165 परियोजाओं में लक्षित 109048 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 76042 नग गृह संयोजन प्रदान किये गये है। निर्देशित किया गया कि वर्तमान तक किये गये गृह संयोजनों को शत प्रतिशत Functional किया जाए तथा अवशेष को शीघ्र पूर्ण किया जाना जाए एवं एफ.एच.टी.सी. न लेने वाले परिवारो की सूची उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित फर्म को डी.पी.एम.यू. से समन्वय स्थापित करते हुए 02 दिन में उपलब्ध करायें।

**6. उच्च जलाशय :–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 165 परियोजनाओं में 170 अवर जलाशय लक्षित है परन्तु वर्तमान तक 148 उच्च जलाशय का कार्य प्रारम्भ कराया गया है जिसमें से 39 नग उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण किया गया है। निर्देशित किया गया कि उच्च जलाशय की टीम बढ़ाते हुए समस्त उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**7. पम्प हाउस–** 165 परियोजनाओं पर 181 नग पम्प हाउस के सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान में 153 नग पम्प हाउस का कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से 106 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण है शेष का कार्य प्रगति पर है। निर्देशित किया गया कि पम्प हाउस का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए।

**8. सोलर–** फर्म द्वारा वर्तमान तक 66 परियोजनाओं पर सोलर का कार्य पूर्ण किया गया है शेष का कार्य प्रगति पर है। निर्देशित किया गया कि अवशेष सोलर स्थापित करते हुए योजना सोलर के माध्यम से संचालित की जाए।

**9. योजनाओं का संचालन–** फर्म द्वारा वर्तमान तक सोलर से 27 एवं डी.जी.सेट के माध्यम से 49 परियोजनाओं को संचालित किया गया है। निर्देशित किया जाता है कि समस्त परियोजनाओं के समस्त कम्पोनेन्टवार कार्य पूर्ण कर योजना संचालित करना सुनिश्चित करें।

**10.** निर्देशित किया गया कि परियोजनाओं के समस्त घटक पर एक साथ कार्य प्रारम्भ कराते हुए प्रगति लाना सुनिश्चित करें।

**जल जीवन मिशन ''हर घर जल'' योजना अन्तर्गत तोड़ी गयी सड़कों के पुनर्निर्माण (Restoration) की समीक्षा।**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि 30 जून, 2024 तक जितनी भी पाइप लाइन डाली है उसका विवरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा 15 दिवस के अन्दर सम्पूर्ण रोड पुनर्स्थापन का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता हेतु नामित T.P.I. द्वारा किये गये निरीक्षण की समीक्षा।**

अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया है कि जनपद में कार्यरत टी.पी.आई. के कार्यो की समीक्षा समय–समय पर किया जाए तथा उनके रिपोर्ट का भी रैंडम स्थलीय निरीक्षण किया जाए।

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वाटर वर्क्स कैम्पस हेतु आवंटित भूमि पर विवाद के सम्बन्ध में विचार विमर्श।**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत फर्म मेसर्स (GA NFRA (JV) – VISHWANATH PROJECT LIMITED.) की 16 परियोजनाओं तथा मेसर्स एल.एण्ड.टी. की 02 परियोजना पर (भूमि अनुपलब्धता/पहुंच मार्ग/वृक्ष कटिंग/न्यायालय विवाद/अतिक्रमण) निर्माण कार्य कराने बाध उत्पन्न हो रही है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि उक्त का परियोजनाओं में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को अवगत कराते हुए उक्त समस्याओं का निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

उक्त के अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) श्रावस्ती को निर्देशित किया गया कि विकास खण्ड हरिहरपुर रानी के ग्राम पंचायत सिसवा तहसील भिनगा में एल.एण्ड.टी. द्वारा सरकारी भूमि पर जो स्टोर स्थापित किया गया है उक्त भूमि मुख्यमंत्री माडल कम्पोजिट विद्यालय को आवंटित है। जिसे 01 सप्ताह के अन्दर खाली कराने हेतु निर्देश दिये गये।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज–2 एवं फेज–5 के अन्तर्गत कार्यरत फर्मो को निर्देशित किया जाता है कि लक्ष्य के सापेक्ष कार्यो को मिशन मोड मे कराना सुनिश्चित करें तथा अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि प्रतिदिन फर्मो के कार्यो का अनुश्रवण कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) श्रावस्ती को कड़ी चेतावनी व Show cause दिया गया कि विगत कई माह में बैठक क्यो नही कराई गयी है।

अधिशासी अभियन्ता को कड़े निर्देश दिये कि DWSM की बैठक ससमय करायी जाए एवं योजनओं में रोड पुनर्स्थापन का कार्य भी ससमय पूर्ण कराना सुनश्चित करें, ताक आमजन मानस को कोई असुविधा न रहे, अन्यथा कि स्थिति में कार्यदायी फर्म के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए समिति को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी
श्रावस्ती।

पत्रांक /जल निगम/जल जीवन मिशन/2025–26 **दिनांक :–**

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग लखनऊ।
2. आयुक्त महोदय, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा।
3. जिलाधिकारी महोदय, श्रावस्ती।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) श्रावस्ती।
5. मे. लारसेन एण्ड टूब्रों, माउन्ट पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई/ फर्म मेसर्स (GA NFRA (JV) – VISHWANATH PROJECT LIMITED.)
6. मेसर्स सेन्सियस प्रा.लि. (थर्ड पार्टी इन्पेक्शन)/डी.पी.एम.यू. श्रावस्ती।

मुख्य विकास अधिकारी
श्रावस्ती।

Digitally signed by
SHAHID AHMED
Date: 23-05-2025
17:28:55